# महोबा पुलिस

दिनांक- 16.09.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 736/26

**पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में वर्चुअल जनसुनवाई का आयोजन किया गया, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।**

- आज दिनांक 16.09.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा से गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल जनसुनवाई आयोजित की गई। इस पहल के अंतर्गत जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी एवं थाना प्रभारी वर्चुअल माध्यम से सीधे जुड़कर जनसमस्याओं के समाधान में सहभागी बने।
- जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आये शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा संबंधित थाना प्रभारियों से सीधे संवाद स्थापित कर प्रत्येक प्रकरण के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए।
- पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को शीघ्र न्याय एवं राहत प्राप्त हो सके।
- साथ ही उन्होंने जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए प्रत्येक स्तर पर प्रभावी एवं उत्तरदायी पुलिसिंग सुनिश्चित करने पर बल दिया।

महोबा पुलिस- समस्याओं का समाधान, पारदर्शिता के साथ



दिनांक- 16.09.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 738/26

# महोबा पुलिस

## सर्किल चरखारी - थाना चरखारी

## थाना चरखारी पुलिस टीम द्वारा अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के कुशल निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री दीपक दुबे के नेतृत्व में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी तथा अवैध शराब, जुआ, गांजा एवं अवैध शस्त्रों की बरामदगी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 15.09.2026 को थाना चरखारी पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई।

थानाध्यक्ष चरखारी श्री राहुल मिश्रा द्वारा गठित पुलिस टीम के उ0नि0 हार्दिक सिंह मय हमराह हे0कां0 महेन्द्र कुमार गौतम एवं कां0 लोकेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा 01 नफर अभियुक्त संजय कुमार पुत्र बाबूलाल अहिरवार उम्र करीब 22 वर्ष निवासी मोहल्ला रामनगर थाना चरखारी जनपद महोबा, हाल निवासी काशीराम कालोनी, मोहल्ला महावीरनगर थाना चरखारी जनपद महोबा को कस्बा चरखारी थाना चरखारी जनपद महोबा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद अवैध देशी तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद हुआ। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना चरखारी पर मु0अ0सं0 201/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

संजय कुमार पुत्र बाबूलाल अहिरवार उम्र करीब 22 वर्ष निवासी मोहल्ला रामनगर थाना चरखारी जनपद महोबा, हाल निवासी काशीराम कालोनी, मोहल्ला महावीरनगर थाना चरखारी जनपद महोबा।

### बरामदगी-

अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद अवैध देशी तमंचा 315 बोर मय 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.उ0नि0 हार्दिक सिंह

2.हे0कां0 महेन्द्र कुमार गौतम

3.कां0 लोकेन्द्र प्रताप सिंह

